महत्वपूर्ण एवं खास

आगामी आदेश तक वैक्सीन की पहली डोज लगना बंद

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर में कोविड-19 वैक्सीन सीमित मात्रा में उपलब्ध होने के कारण आगामी आदेश पर्यंत वैक्सीन का प्रथम डोज लगाना बंद रहेगा। उपलब्धता अनुसार वैक्सीन का दूसरा डोज केवल चिन्हित केंद्रों पर लगाया जावेगा। जिला प्रशासन ने बयान जारी कर कहा- जिन व्यक्तियों ने वैक्सीन नही लगवाया है,व्यक्तियों से अपील है कि वह कोविड-19 वैक्सीन हेतु http://cowin.gov.in पोर्टल में अपने मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। वैक्सीन उपलब्ध होने पर पूर्व से रजिस्ट्रेशन करा चुके व्यक्तियों को टीकाकरण केंद्रों में प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 5 जुलाई को

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 5 जुलाई 2021 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा, तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति पर चर्चा एवं अनुमोदन तथा अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को

रायगढ़ । रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई 2021 प्रातः10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन फार्म बालक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी धरमजयगढ़, कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा में कार्यालयीन अवधि प्रातः10.30 बजे से शाम 4 बजे तक एवं सहायक आयुक्त कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा 5 वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आवेदन फार्म में अभ्यर्थी की फोटो चस्पा किया जाकर शाला प्रमुख द्वारा सत्यापन किया जाना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात ही आवेदन फार्म पात्रता की श्रेणी में अंकित होगा।

एम्स की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर से इस बड़ी खबर सामने आई है. मिली जानकारी के मुताबिक एम्स की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सुसाइडल नोट भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि युवती बिलासपुर की रहने वाली थी व सूचना के बाद युवती के परिजन भी अब राजधानी पहुँच चुके है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है। मृतका बीएससी पैरामेडिकल फर्स्ट इयर की छात्रा थी. मृतका की शिनाख्त साक्षी दुबे के रूप में हुई है. ये पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

पौने 4 करोड़ रुपए से अधिक का धान हुआ जब्त

कोण्डागांव, 03 जुलाई (आरएनएस)। जिले के माजीसा राईस मिल में कस्टम मिलिंग कार्य में अपनी क्षमतानुसार कार्य करने के बाद भी चावल जमा नहीं करने छापामार कार्यवाही करते हुए जांच में पाये गये अनियमितता के आधार पर फर्म परिसर में उपलब्ध 12687.20 क्विंटल धान व 2080 क्विंटल चावल जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य पौने 4 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

उद्यानिकी फसलों के लिये इच्छुक किसान 15 जुलाई तक करा सकते है बीमा

रायगढ़। सहायक संचालक उद्यान ने जिले के समस्त उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषकों को सूचित करते हुए कहा कि टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक में खरीफ वर्ष 2020-21 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू की गई है। जिले के ऋणी व अऋणी कृषक 15 जुलाई 2021 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है, इसके लिए बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि गोपाल राय मोबा.नं. 8059840961 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि दुश्यंत यादव मोबा.नं. 9399863741 से संपर्क कर

सकते है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में सभी अऋणी कृषक (भूधारक एवं बटाईदार)जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक है, ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिये किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत राशि के रूप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें भारत सरकार द्वारा चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम (खरीफ)के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जावेगा। खरीफ मौसम अंतर्गत टमाटर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 01 लाख रुपये एवं कृषक अंश राशि प्रति हेक्टेयर 5 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसी तरह बैगन के लिए बीमित राशि 70 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 3500 रुपये, अमरूद के लिए बीमित राशि 40 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 2 हजार रुपये, केला के लिए बीमित राशि 01 लाख 50 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 7 हजार 500 रुपये, पपीता के लिए बीमित राशि 01 लाख 10 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 5 हजार 500 रुपये, मिर्च के लिए बीमित राशि 80 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 4 हजार रुपये तथा अदरक के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 01 लाख 30 हजार रुपये तथा कृषक अंश राशि प्रति हेक्टेयर 6 हजार 500 रुपये निर्धारित है।

किसानों को विपरित मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधिक प्रकोप के अनुकूल मौसम, वायु गति से फसलों को होने वाली क्षति से फसल बीमा का लाभ प्राप्त होगा। खरीफ मौसम के टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक फसल हेतु ओलावृष्टि हवाएं की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था एवं विभाग 48 घंटे के भीतर कृषकों को प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे। बीमा कंपनी द्वारा जिले में 42 स्थानों पर स्वचलित मौसम स्टेशन स्थापित किया गया है, जिससे प्राप्त मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर ही बीमा दावा का भुगतान किया जाता है। कृषक द्वारा लगाये गये फसल का केवल एक बार ही बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है। एक रकबे को एक से अधिक बार बीमा होने की स्थिति में बीमा कंपनी द्वारा ऐसे सभी दावों को निरस्त कर दिया जावेगा।

दो नक्सलियों के जनताना सरकार सदस्य गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के थाना ओरछा से जिला बल एवं डीआरजी बल की संयक्त पुलिस पार्टी नक्सल गश्त सर्चिंग पर ग्राम मरदेल, जपगुण्डा, जुवाड़ा, उसेली, भुरूमवाड़ा एवं थलथुली की ओर रवाना किया गया था। इसी दौरान ग्राम पुलकुडूम जंगल (थाना ओरछा) में घेराबंदी कर नक्सली संतुराम मण्डावी पिता स्व. सने मण्डावी निवासी पुलकुडुम थाना ओरछा (थुलथुली जनताना सरकार सदस्य) एवं बुधराम उर्फ जागेश अटामी पिता कोरे अटामी निवासी कोलोकालपारा थुलथुली थाना ओरछा (थुलथुली जनताना सरकार सदस्य) को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार दोनो नक्सलियों के द्वारा 04 अक्टूबर 2019 को ओरछा में व्यसायिक काम्पलेक्स व प्रशिक्षण हेतु भवन निर्माण के कार्य में लगे मिक्कर मशीन एवं 10 दिसंबर 2019 को मां शारदा मंदिर ओरछा खेल मैदान में निर्माण कार्य में लगे मिक्कर मशीन को आगजनी कर क्षतिग्रस्त को आगजनी कर क्षतिग्रस्त करने की घटना में शामिल होना स्वीकार करने पर आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

धोखाधड़ी का आरोपी राजस्थान से हुआ गिरफ्तार

» लाखों की ठगी मामले में था फरार

रायगढ़। महानगरों में बैठे ठग मोबाइल पर लाइफ इंश्योरेंस पालिसी की लुभावन स्कीम बताकर कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के ग्रामीण से लाखों की ठगी कर भूमिगत हो गये थे, जिनका सुराग लगाकर कोतरारोड़ पुलिस अब उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है ,जिसमें राजस्थान के अलवर से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लाने में कोतरारोड़ पुलिस को सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार आवेदक सुंदरलाल राठिया आ. मोहर सिंह राठिया निवासी उच्चभिट्ठी किरोडीमल नगर थाना कोतरारोड़ द्वारा दिनांक 04/03/2021 को थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर

रिपोर्ट दर्ज कराया कि सन 2012 में मैक्स लाइफ इंश्योरेंश कार्पोरेशन लिमिटेड में 15 साल के लिए 11,000 रूपये का इंश्योरेंश प्रति वर्ष पटाने के लिए कराया था जो इंश्योरेंश कराने के बाद अगला किस्त पटाना बंद कर दिया था तब मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन लिमिटेड में कार्यरत देवेंद्र शर्मा (दिल्ली), अंकित चौहान (दिल्ली), विक्रम बजाज, रूद्र प्रताप, नेहा वर्मा द्वारा 2017 में बीमा का किस्त पटाने एवं 41 लाख रूपये का चेक मिलने का लालच देकर अलग-अलग खातों में अलग अलग तिथियों में कुल 41 लाख रूपया जमा कराया गया। कम्पनी से जानकारी लेने पर दिनांक 14.10.2017 को 6,95,000/- रूपये का चेक तथा दिनांक 05.11.2019 को 41,00,000/- रूपये का चेक भेजा जा रहा है कहकर कम्पनी वाले बताये और चेक का फोटो व्हाट्अप किये। कम्पनी से 6,95,000/- रूपये का चेक प्राप्त हुआ था परन्तु बैंक में उनका एकाउंट बंद होने की जानकारी मिली। आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में थाना कोतरारोड़ में अप.क्र. 35/2020 धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा आरोपियों के खाता नम्बरों की जानकारी लेने पर एक खाताधारक के नूहू (हरियाणा) का होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम हरियाणा गई तो खाताधरक वहां नहीं मिला, आरोपी का मोबाइल लोकेशन प्राप्त कर टीम खुशखेड़ा, जिला अलवर (राजस्थान) पहुंची, जहां से खाताधारक/आरोपी रमेश सैनी को हिरासत में लिया गया, जिसके खाता में प्रार्थी/आवेदक सुंदरलाल राठिया के रूपये जमा हुआ था। रमेश सैनी पूछताछ में बताया कि उसका परिचित उससे उसका एटीएम बैंक एकाउंट नम्बर भाई से रूपये उसके खातें में मांगाऊंगा कहकर लिया था , उसी के द्वारा धोखाधड़ी का षडयंत्र रचा गया था। कोतरारोड़ पुलिस आरोपी रमेश सैनी से मिली जानकारी पर उसके साथियों के ठिकानों पर दबिश दिया गया जिनके उत्तर प्रदेश में होने की जानकारी मिली है। शीघ्र कोतरारोड़ पुलिस टीम उत्तर प्रदेश रवाना होगी। आरोपी रमेश सैनी पिता कृपाराम सैनी उम्र 25 साल निवासी फिरोजपुर झिरका रतनलाल कालोनी नूहू हरियाणा हाल मुकाम सीमेंट कम्पनी खुशखेड़ा अलवर राजस्थान को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आईपीएस जीपी सिंह के ठिकानों पर तीसरे दिन भी एसीबी की कार्यवाही जारी, 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता लगा

» तीसरे दिन की कार्यवाही के बाद आज शाम तक एसीबी कर सकती है बड़ा खुलासा

रायपुर (आरएनएस)। आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो टीम की आज तीसरे दिन भी छापेमार कार्यवाही जारी है। एसीबी ने दो दिन की कार्यवाही के दौरान जीपी सिंह की 5 करोड़ रूपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का पता लगा चुकी है, वहीं आज की जा रही जांच के बाद रकम में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिसका खुलासा संभवतः आज शाम को एसीबी कर सकता है।

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गुरूवार से आईपीएस जीपी सिंह के 15 ठिकानों

पर दबिश दी हुई है। पहली दिन जांच के दौरान एसीबी ने चल-अचल संपत्ति का कोई खुलासा नहीं किया था, लेकिन दूसरे दिन की कार्यवाही के बाद शाम को एसीबी ने मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 5 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति का पता लगाने की जानकारी दी गई थी। दूसरे दिन जीपी सिंह के बैंक अकाउंटों, शेयर और म्युचुअल फंड निवेश के बारे में पता लगाया गया। जिसमें गुरजिंदर पाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी और बेटे के नाम पर 75 से भी अधिक बीमा संबंधी दस्तावेज मिले हैं, जिनमें प्रीमियम के रूप में लाखों रूपये भुगतान किया गया, वहीं एक से अधिक एफ्यूएफ अकाउंट बनाए गए हैं, जिनके आय एवं व्यय की गणना अभी की जा रही है। इसी तरह बैंकों और डाकघरों में कई खातों की जानकारी मिली है जिसकी गणना की जा रही है। इसके अलावा अब तक की जांच में 35 अवसरों पर शेयर और म्युचुअल फंड में बड़ी राशि का निवेश किया गया है जिसमें 1.5 करोड़ से अधिक रकम शेयर और म्युचुअल फंड में निवेश किए जाने की जानकारी मिली है। जांच में पोस्ट ऑफिस में विभिन्न सावधि जमा के कई खाते पाए गए हैं, परिजनों के नाम पर लगभग 75 लाख की वाहनें खरीदी गई है जिसमें हाइवा, जेसीबी, कांकीट मिक्सचर वाहन मशीन भी शामिल है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ और प्रदेश के बाहर दूसरे राज्य में जमीन, मकान और फ्लैट में बड़ी मात्रा में निवेश की जानकारी मिली है, जिसका आकलन किया जा रहा है। कई बहुराज्यीय कंपनियों से परिजनों के बैंक खातों में 1 करोड़ से अधिक की जमा होने का पता चला है। एसीबी को जीपी सिंह के ठिकानों से मिले दस्तावेजों के आधार पर आज तीसरे दिन भी कार्यवाही जारी रखी हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि एसीबी की जांच आज शाम तक पूरी हो सकती है जिसके बाद मीडिया के सामने जीपी सिंह की चल-अचल संपत्ति को लेकर एक बड़ा खुलासा हो सकता है।

खेत में जुताई के दौरान पलटा ट्रेक्टर,एक युवक की मौत

बालोद (आरएनएस)। बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम आमाडुला के गोटी पारा में खेत जुताई के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलटने से एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर मालिक की रिपोर्ट पर मृतक के खिलाफ ही मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर मालिक प्रार्थी बीरबल गावड़े ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन ट्रैक्टर उनका भतीजा नकुल राम गावड़े चला रहा था। वह धान की बोआई के लिए खेत की जुताई करने गया था इसी दौरान दोपहर के समय खेत के मेड़ में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दबने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस

इस मामले में जांच कर रही है। वहीं एक अन्य मामलें में

बालोद के पाररास रेलवे ट्रैक के पास 45 वर्षीय व्यक्ति ने मालगाड़ी के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली। घटना में मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया। बताया जाता है कि बालोद थाना व रेलवे पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की। मृतक की पहचान ग्राम डारागांव विकासखंड डौंडीलोहारा के 45 वर्षीय जोहर सिंह ठाकुर के रूप में हुई है। फिलहाला मृतक ने आत्महत्या के कारण का पता नही चला है।

आमदई खदान में नक्सली हमला, सुपरवाईजर की मौत

नारायणपुर (आरएनएस)। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थानाक्षेत्र के आमदई खदान में यू एरिया डेवलपमेंट कार्य में लगे चार पोकलेन समेत छह वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया तथा मौके पर मौजूद सुपरवाइजर की हत्या कर दी।

जिला नारायणपुर अंतर्गत थाना छोटेडोंगर क्षेत्र के कैम्प डोंगर हिल्स के आसपास निको जायसवाल कंपनी की लौह अयस्क माईनिंग एरिया से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर यू एरिया डेवलपमेंट कार्य में लगे 4 पोकलेन व 2 टिप्पर वाहनों को माओवादियों ने आग लगा दी। द्वारा आगजनी की गई। माओवादियों द्वारा वाहनों की आगजनी की घटना के साथ-साथ कैम्प डोंगर हिल्स में भी बीजीएल तथा अन्य हथियारों से फायर किया गया परन्तु कैम्प में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस दौरान घटनास्थल पर सुपरवाईजर एवं मजदूर कुल 14 व्यक्ति कार्यरत थे, जिनमें से 13 मजदूर सुरक्षित थाना छोटेडोंगर

वापस आ गये। सुपरवाईजर प्रदीप शील, उम्र 55 वर्ष, निवासी भिलाई, छत्तीसगढ़ का पता नहीं चल पाया था, जिसकी पतासाजी हेतु अतिरिक्त बल रवाना किया गया। सायं करीबन तीन बजे निको जायसवाल कंपनी के सुपरवाईजर प्रदीप शील का शव घटनास्थल से बरामद किया गया। उनके शव के पास में सीपीआई माओवादी के अमदई एरिया कमेटी द्वारा अमदई खदान के विरोध में लिखे गये पर्चा भी बरामद किया गया। मृतक प्रदीप शील को माओवादियों द्वारा बांस डण्डा से पीट-पीट कर हत्या की गई थी। जिला मुख्यालय नारायणपुर से रिइंफोर्समेन्ट हेतु पुलिस बल रवाना किया गया है। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल द्वारा सर्चिंग की जा रही है।

नर्स को डिलिवरी का पैसा नही दिया तो कर लिया बच्चे को अगवा

» शिवरीनारायण पुलिस ने 3 आरोपियों को बलौदाबाजार से किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार (आरएनएस)। खरौद नगर मे एक नर्स महिला का ऐसा घिनौना कारनामा सामने आया जिसे सुनकर आप भी आश्चर्यचकित रह जाएंगे । महिला की डिलीवरी कराने के लिए 3 हजार रूपये लेने के एक नर्स ने महिला की 10 माह की बच्ची का अपरहण कर लिया इस मामले मे शिवरीनारायण पुलिस ने बलौदाबाजार से 3 आरोपियों को हालांकि गिरफ्तार किया है।जिसमे दो महिलाएं शामिल हैं। किडनेपिंग का आरोप उस नर्स पर लगा है जिसने 10 माह पहले उसी बच्ची

की डिलिवरी कराई थी जिसे किडनेप किया है।दरअसल प्रार्थीया बिंदा साहू निवासी खरौद ने 28 जून को शिवरीनारायण थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बच्ची अराधना आज से 10 माह पहले ग्राम खरौद में पैदा हुई थी डिलीवरी कराने नर्स निशा तिवारी बलौदा बाजार से मेरे घर आई थी । डिलीवरी कराने के बाद वापस बलौदा बाजार चली गई थी । डिलीवरी कराने नर्स ने 3000 रू मांगे थे जिसे उस वक्त प्रार्थिया नही दे पाई थी मगर 28 जून 2021 को दोपहर नर्स निशा तिवारी पुष्पा साहू और सोनू खान नाम युवक तीनों मोटर सायकल में बैठकर आये और बच्ची की डिलिवरी के 3000 रूपये की मांग करने लगे पैसा नही होने पर पुष्पा साहू, निशा तिवारी एवं सोनू खान तीनों मिलकर प्रार्थिया से गाली गलौच की जान से मारने की धमकी भी दी और 10 माह की बच्ची अराधना को उठाकर ले गये।प्रार्थिया की रिपोर्ट जांच में जुटी पुलिस ने आज तीनों आरोपियों को अगवा हुई बच्ची के साथ बलौदाबाजार के एक घर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480